रिपोर्ट हिंदी वाद विवाद समिति

मिरांडा हाउस हिंदी वाद विवाद समिति की स्थापना वर्ष 2017 में हुई थी। समिति का लक्ष्य वाद विवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की सोच का विस्तार करते हुए, व्यक्तित्व विकास करना है।

प्रत्येक वर्ष, वार्षिक प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत संसदीय व पारंपरिक वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी महाविद्यालय परिसर के विद्यार्थी गरिमामय व उत्साहित होकर प्रतिभाग करते है। कुल 20 से अधिक कॉलेज टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है, तथा सभी वक्तव्य , विचारों का विशेषरूप से संसदीय मर्यादा में प्रस्तुति दी जाती है।

समिति द्वारा संचालित की जाने वाली कुछ प्रतियोगिताएं इस प्रकार है :-
• पारंपरिक वाद - विवाद प्रतियोगिता
• संसदीय वाद - विवाद प्रतियोगिता
• पारंपरिक सह संसदीय वाद - विवाद प्रतियोगिता
• नवागंतुक संसदीय वाद - विवाद प्रतियोगिता

हिंदी वाद विवाद समिति के इस सत्र का प्रारंभ 23 जून 2021 से किया गया। समिति द्वारा नव सदस्यों की चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक 18 नवंबर 2021 को सम्पूर्ण कराया गया। चयन प्रक्रिया दो चरणों, प्रथम चरण टर्नकॉट वाद विवाद तथा द्वितीय चरण साक्षात्कार के माध्यम से संचालित हुई।

समिति की वार्षिक प्रतियोगिता नवागंतुक पारंपरिक सह संसदीय वाद - विवाद प्रतियोगिता 18 - 19 फरवरी 2022 में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित कराई गई।
प्रतियोगिता दो चरण में सफल हुई।
प्रथम चरण : पारंपरिक वाद - विवाद
द्वितीय चरण : संसदीय वाद - विवाद

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि IAS ईरा सिंघल मैडम थी।
प्रतियोगिता के विजेता : शहीद भगत सिंह कॉलेज टीम, उपविजेता : लेडी श्रीराम कॉलेज टीम, सर्वश्रेष्ट वक्ता : हिंदू महाविद्यालय रहे।

समिति द्वारा इस बात का भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाता हैं कि समिति के सदस्यों के ज्ञान विस्तार हेतु, समयानुसार विभिन्न विशेष शोधकर्ताओं द्वारा विशेष सत्र का आयोजन किया जाए।
वर्तमान में समिति में 55 सदस्य हैं। विशेष सत्र के साथ साथ सदस्यों द्वारा प्रतिदिन PD , CD आदि, वाद विवाद की शैली का अभ्यास भी नियमित तौर पर किया जाता है।

हमेशा की तरह समिति के सदस्यों द्वारा इस वर्ष भी विभिन्न वाद विवाद प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया ।

सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किया गया :-

• शिवाजी कॉलेज द्वारा आयोजित "वाक परीक्षण" वाद विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ वक्ता रहे।
• मोती लाल नेहरू कॉलेज द्वारा आयोजित "तर्कमंच"वाद विवाद प्रतियोगिता में सांत्वना पुरुष्कार प्राप्त किया।
•वेदान्ता वाद विवाद समिति द्वारा आयोजित नवांगतुक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
• आज़ादी का अमृत महोत्सव रामजस महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

• आज़ादी का अमृत महोत्सव किरोड़ीमल महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
• सर्वज्ञ , शहीद भगत सिंह महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता में उपविजेता रहे।
• टर्नकोट प्रतियोगिता ARSD द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रहे।
•दौलत राम महाविद्यालय द्वारा आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता तर्कक्षेत्र में अधिनायक प्रतियोगिता में A+ लेवल, पंचम व द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
• मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा आयोजित सावित्रीबाई फुले पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
• मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा आयोजित संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता में सेमी फाइनलिस्ट रहे।
• मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा आयोजित संसदीय वाद विवाद प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनलिस्ट रहे।
• मैत्रेयी महाविद्यालय द्वारा आयोजित पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
• गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय द्वारा संचालित विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
• वेंकटेश्वर महाविद्यालय "स्वरूप 3.0 CD" में सर्वश्रेष्ठ वक्ता से पुरस्कृत किया गया।
• मैत्रेयी कॉलेज द्वारा आयोजित "अदम्य भाषण" प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
• SGNDKC वेदांग समिति द्वारा आयोजित CD में सर्वश्रेष्ठ वक्ता से पुरस्कृत किया गया है ।
• एबीवीपी छात्रसल, DUSU द्वारा आयोजित पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सदस्यों द्वारा लगातार प्रतिभाग करते रहना तथा मिरांडा हाउस हिंदी वाद विवाद समिति का प्रतिनिधित्व तर्कों के विभिन्न मंचों पर पूर्ण विश्वास से करना, अत्यंत सराहनीय है।